सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

न्यायालय अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, बारां (राज.)

पीठासीन अधिकारी श्री सुदर्शन सिंह तोमर (आर.ए.एस.)

इस्तगासा गुण्डा एक्ट प्रकरण संख्या :– 10/2017

बउनवान

सरकार जर्ये थानाधिकारी पुलिस थाना सीसवाली जर्ये जिला पुलिस अधीक्षक महो., बारॉ (सायल)

बनाम

श्री नजाकत आयु 44 वर्ष पुत्र लियाकत हुसैन जाति मुसलमान निवासी सीसवाली जिला बारॉ (गैरसायल)

इस्तगासा अन्तर्गत राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 की धारा–3

उपस्थिति :– 1– ए.पी.पी. (सायल)
2– स्वयं उपस्थित (गैरसायल)

निर्णय दिनांक 31.05.2019

वाक्यात मामला इस्तगासा इस प्रकार है कि गैरसायल श्री नजाकत पुत्र लियाकत हुसैन जाति मुसलमान निवासी सीसवाली जिला बारॉ के विरूद्व जिला पुलिस अधीक्षक बारॉ द्वारा राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 की धारा–3 के अन्तर्गत प्रेषित किया गया है।

संक्षिप्त में प्रकरण इस प्रकार है कि गैरसायल के खिलाफ थानाधिकारी पुलिस थाना सीसवाली जिला बारॉ ने जिला पुलिस अधीक्षक महो. बारां को रिपोर्ट की है कि पुलिस थाना सीसवाली क्षेत्र के अन्तर्गत गैरसायल आपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है। यह व्यक्ति जुआ सटटा, आम जनता के साथ मारपीट, मादक पदार्थ तस्करी एवं अवैध धारदार हथियार की अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त है। इसके विरूद्व पुलिस थाना सीसवाली में वर्ष 1996 से 2017 की अवधि में जुआ सटटा अधि0 के तहत 01, आर्म्स एक्ट 04, मारपीट एवं हत्या का प्रयास 03, मादक पदार्थ तस्करी 01 एवं 02 अन्य प्रकरण दर्ज है। जिनमें से यह जुआ सटटा अधि0 के तहत 01, आर्म्स एक्ट के तहत 03 प्रकरणों में तथा 13 आर.पी.जी.ओ. के तहत 01 प्रकरण में न्यायालय से सजायाब भी हो चुका है। इसके विरूद्ध धारा 41/110 जा0फो0 के तहत इंसदादी कार्यावाही भी की जा चुकी है, फिर भी इसकी दिनों दिन आपराधिक गतिविधियॉ बढती जा रही है, जिससे समाज के व्यक्तियों व आम जनता में भय, निरन्तर बढता जा रहा है। इसके बावजूद भी इसकी आपराधिक गतिविधियो पर कोई अंकुश नही लग रहा है। इसके विरूद्व लोग रिपोर्ट करने मे कतराते है एवं साक्ष्य देने से भी डरते है। इसकी आपराधिक गतिविधियॉ निरन्तर जारी है। इसकी आम शौहरत ठीक नही है। अपराधी का स्वतन्त्र रहना लोकशांती एवं जनहित मे हितकर प्रतीत नही है। इस व्यक्ति के विरूद्व राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 की धारा 3 के तहत विधिक कार्यवाही कर इस जिले की सीमाक्षेत्र से निष्कासित किया जावे।

गैरसायल के विरूद्व दर्ज आपराधिक रिकार्ड निम्न प्रकार है :–

क्र.सं.	प्रकरण संख्या	जुर्म धारा	नतीजा	निर्णय न्यायालय
1.	103/96	307, 323 भादस	77/30.06.96	बरी/15.05.98
2.	156/99	8/20, 29 एन.डी.पी.एस. एक्ट	119/31.10.99	पेंण्डिग कोर्ट
3.	77/2000	13 आर0पी0जी0ओ0	52/18.04.2000	100 रू जुर्माना दि. 03.08.01
4.	153/04	448, 504, 34 भादस	124/29.09.04	100 रू जुर्माना दि. 08.07.11
5.	27/12	4/25 आर्म्स एक्ट	29/23.02.12	100 रू जुर्माना दि. 14.05.12
6.	58/13	4/25 आर्म्स एक्ट	46/17.05.13	सजा

7.	31 / 14	4 / 25 आर्म्स एक्ट	23 / 18.02.14	सजा
8.	171 / 16	4 / 25 आर्म्स एक्ट	140 / 29.11.16	पेण्डिग कोर्ट
9.	47 / 17	147,323, 341, 149 आईपीसी	32 / 30.03.17	पेण्डिग कोर्ट

इस प्रकार गैरसायल द्वारा आपराधिक कार्य किये जिससे सार्वजनिक शांतिभंग होने से आम जनता पर भय का वातावरण उत्पन्न होता है। गैरसायल को उक्त 05 प्रकरणों में न्यायालय द्वारा दोष सिद्व भी ठहराया जाकर सजायाब किया जा चुका है। यह गुण्डा की परिभाषा में आता है। अतः इसके विरूद्व अन्तर्गत राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 धारा–3 के तहत कार्यवाही की जावे।

इस्तगासा विरूद्व गैरसायल के पेश कर, उक्त आपराधिक कृत्य में मशगूल होने से गैरसायल को गुण्डा घोषित किया जाकर, उसे राज. गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 की धारा–3 के अन्तर्गत जिले से निष्कासित करने के आदेश चाहे गये।

इसके उपरांत गैरसायल के विरूद्व प्रस्तुत इस्तगासे को दिनांक 22.05.17 को दर्ज रजिस्टर किया गया तथा पुलिस द्वारा प्रस्तुत इस्तगासे एवं साक्ष्य के सारगर्भित बिन्दुओ को दर्शाते हुए गैरसायल को आहूत किया गया तथा गैरसायल की तलबी जर्ये सम्मन की गई। गैरसायल बावजूद सूचना के अनुपस्थित रहने पर गैरसायल को जर्ये गिरफ्तारी वारन्ट से तलब किया गया। उक्त गिरफ्तारी वारन्ट की पालना के थानाधिकारी पुलिस थाना सीसवाली के श्री राजूराम एफ.सी. नं0 123 द्वारा गैरसायल को गिरफ्तार किया जाकर हमारे समक्ष पेश किया गया। गैरसायल को आरोप सुनाया गया। उसके द्वारा आरोप स्वीकार किया जाकर, निवेदन किया गया कि बीमार हो जाने से कोटा अस्पताल में भर्ती हो जाने के कारण इस न्यायालय मे नियत पेशी दिनांक 15.04.2019 को उपस्थित नही हो सका। गैरसायल से इस न्यायालय मे हाजरी बाबत वांछित राशि के जमानत मुचलके चाहे गये। जो प्रस्तुत करने मे वह असमर्थ रहा। गैरसायल द्वारा प्रकरण का अंतिम रूप से निस्तारण करवाने हेतु सहमति पत्र प्रस्तुत किये जाने पर प्रकरण मे उभयपक्ष की बहस सुनी गई।

दौराने बहस ए.पी.पी. सरकार पक्ष का मुख्य कथन है कि चूंकि गैरसायल के विरूद्व पुलिस थाना सीसवाली में वर्ष 1996 से 2017 की अवधि में जुआ सटटा अधि0 के तहत 01, आर्म्स एक्ट 04, मारपीट एवं हत्या का प्रयास 03, मादक पदार्थ तस्करी 01 एवं 02 अन्य प्रकरण दर्ज है। जिनमें से यह जुआ सटटा अधि0 के तहत 01, आर्म्स एक्ट के तहत 03 प्रकरणों में तथा अन्तर्गत धारा 13 आर.पी.जी.ओ. के तहत 01 प्रकरण में न्यायालय से सजायाब भी हो चुका है। इसके विरूद्ध धारा 41 / 110 जा0फो0 के तहत इंसदादी कार्यावाही भी की जा चुकी है, फिर भी इसकी दिनों दिन आपराधिक गतिविधियॉ बढती जा रही है, जिससे समाज के व्यक्तियों व आम जनता में भय, निरन्तर बढता जा रहा है। इसके बावजूद भी इसकी आपराधिक गतिविधियो पर कोई अंकुश नही लग रहा है। इसके विरूद्व लोग रिपोर्ट करने मे कतराते है एवं साक्ष्य देने से भी डरते है। इसकी आपराधिक गतिविधियॉ निरन्तर जारी है। इसकी आम शौहरत ठीक नही है। अपराधी का स्वतन्त्र रहना लोकशांती एवं जनहित मे हितकर प्रतीत नही है। इस आपराधिक सजायाबी रिकार्ड के आधार पर गैरसायल के विरूद्व राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1975 की धारा–3 के अन्तर्गत अपराध प्रमाणित है। उक्त केसो की पुष्टि सरकार पक्ष की ओर से प्रस्तुत अभिलेखो से होती है। यह व्यक्ति आपराधिक गतिविधियो मे लिप्त है। अतः गैरसायल को जिला बदर किया जावे।

इसके विपरीत गैरसायल द्वारा निवेदन किया गया कि जिला बदर की कार्यवाही के स्थान पर थाना बदर होकर प्रकरण का अन्तिम रूप से निस्तारण करवाने हेतु सहमति पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया कि मैं गरीब व्यक्ति हूॅ, मेरा गॉव यहॉ से 35 कि.मी. दूरी पर स्थित है। मैं

गॉव मे ही मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता हूॅ। मैं स्वंय की सहमति से उक्त प्रकरण का जिला बदर के स्थान पर थाना बदर होकर निस्तारण करवाना चाहता हूॅ। मेरे विरूद्व पुलिस थाना सीसवाली द्वारा गुण्डा एक्ट की कार्यवाही इस न्यायालय में प्रस्तुत की गई है। जिसमें जिला बदर की कार्यवाही के स्थान पर मुझे थाना बदर मे पुलिस थाना अन्ता किया जाकर प्रकरण का अंतिम रूप से निस्तारण किया जावे। जिसमे मुझे किसी प्रकार की आपत्ति नही है।

हमने ए.पी.पी. प्रथम अभियोजन पक्ष सरकार एवं गैरसायल की बहस सुनी तथा इस्तगासे में प्रस्तुत अभिलेखो का अवलोकन किया जाकर, मनन किया गया। गैरसायल द्वारा प्रस्तुत सहमति पत्र पर विचार किया गया। इसके विरूद्व पुलिस थाना सीसवाली में वर्ष 1996 से 2017 की अवधि में जुआ सटटा अधि0 के तहत 01, आर्म्स एक्ट 04, मारपीट एवं हत्या का प्रयास 03, मादक पदार्थ तस्करी 01 एवं 02 अन्य प्रकरण दर्ज है। जिनमें से यह जुआ सटटा अधि0 के तहत 01, आर्म्स एक्ट के तहत 03 प्रकरणों में तथा अन्तर्गत धारा 13 आर.पी.जी.ओ. के तहत 01 प्रकरण में न्यायालय से सजायाब भी हो चुका है।

अतः उक्त समस्त तथ्यों अनुसार यह साबित होता है कि श्री नजाकत पुत्र लियाकत हुसैन जाति मुसलमान निवासी सीसवाली जिला बारॉ द्वारा उक्त अपराध किए गए है। जिसके आधार पर गैरसायल राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम की धारा 2 (आ) की परिभाषा मे आना पूर्णतया सिद्व है, क्योकि धारा 2 (आ) के प्रावधान के अनुसार गैरसायल को जुआ सट्टा अधि0 के तहत 01, आर्म्स एक्ट के तहत 03 प्रकरणों में तथा अन्तर्गत धारा 13 आर.पी.जी.ओ. के तहत 01 प्रकरण में न्यायालय से दोषी ठहराया हुआ है।

अतः श्री नजाकत पुत्र लियाकत हुसैन जाति मुसलमान निवासी सीसवाली जिला बारॉ को सजायाबी रिकार्ड के आधार पर राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम की धारा 2 (आ) के तहत गुण्डा घोषित करता हूॅ तथा धारा 3 (3) (क) के प्रावधानो के अन्तर्गत बारां जिले के पुलिस थाना क्षेत्र सीसवाली से 15 दिन के लिए गैरसायल को निष्कासित किये जाने का आदेश देता हूॅ।

गैरसायल श्री नजाकत पुत्र लियाकत हुसैन जाति मुसलमान निवासी सीसवाली जिला बारॉ को राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1975 की धारा 3 के तहत पुलिस थाना सीसवाली से 15 दिन के लिए निष्कासित किया जाता है। गैरसायल उक्त अवधि मे अपनी उपस्थित प्रत्येक दिवस थानाधिकारी पुलिस थाना अन्ता जिला बारां को देगा। इस अवधि में अपराधी ऐसा कोई आचरण नही करेगा, जो व्यक्तियों के प्रतिकूल एवं सामान्य व्यवहार संहिता के विरूद्व हो अर्थात इस अवधि में पूर्ण सचरित्र रहेगा। किसी आपराधिक गतिविधी में भाग नही लेगा। गैरसायल न्यायालय के समक्ष 10,000/– रूपये का स्वंय का मुचलका इस अवधि मे नेकचलन रहने के संबंध मे पेश करेगा।

गैरसालय के विरूद्व यह आदेश दिनांक 15.06.2019 से प्रभावी होगा।

नियमानुसार तहरीरे जिला पुलिस अधीक्षक, बारां एवं थानाधिकारी पुलिस थाना अन्ता जिला बारां को दी जावे। थानाधिकारी पुलिस थाना सीसवाली जिला बारॉ को तहरीर दी जावे, जिसमे यह लिखा जावे कि गैरसायल को उक्त आदेश की पालना में जिले के पुलिस थाना क्षेत्र सीसवाली से बाहर निष्कासित कर, थानाधिकारी पुलिस थाना अन्ता जिला बारां के सुपुर्द कर, पालना रिपोर्ट इस न्यायालय में पेश करे।

निर्णय आज दिनांक 31.05.2019 को सरे इजलास लिखाया जाकर सुनाया गया। पत्रावली बाद तामील तकमील फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

(सुदर्शन सिंह तोमर)
अति0 जिला मजिस्ट्रेट, बारॉ